
## न्यूज़ ब्रीफ

### ग्राम बांड़ी में भक्तिमय भाव से हुई श्रीमद भागवत कथा

**नरसिंहपुर।** चैत्र नवरात्र पर्व में नर्मदांचल क्षेत्र के ग्राम बांड़ी (बीकोर) में सप्तमी तिथि में कथा का हुआ विश्राम, खेड़ापति मंदिर निर्माण व नवरात्रि महोत्सव पर्व पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया था, कथा का




वाचन श्री कृष्णा अनुरागी पंडित अभिषेक कुमार मिश्रा द्वारा किया गया । उक्त भागवत कथा का आयोजन समिति अध्यक्ष गजराज नोरिया की अध्यक्षता में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया ग्राम बीकोर नई दिशा समिति अध्यक्ष नेतराम नोरिया उपाध्यक्ष रूप सिंह नोरिया एवं समस्त समिति का विशेष सहयोग रहा । कथा के मुख्य यजमान राजाराम नोरिया रहे एवं समस्त ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में श्रद्धा व भक्तिभाव से कथा श्रवण की । नर्मदातटीय क्षेत्र के गांवों में सम्पूर्ण भक्तिभाव से ग्रामीणों के द्वारा किये जाने वाले ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में सुख समृद्धि सहित धर्म के प्रति लोगों की आस्था का प्रतीक है।

### खाना बनाते समय इंडक्शन में हुआ ब्लास्ट, बड़ी दुर्घटना टली

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।** गैस की किल्लत को देखते हुए खाना पकाने का एक ही साधन आसान नजर आता है जिसे बिजली से चलने वाला इंडक्शन चूल्हा भी कहते हैं । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को जब नर्मदापुरम के एक निवासी के घर में इंडक्शन पर खाना बन रहा था, तो उस दौरान इंडक्शन में अचानक जोर की आवाज आई और उसमें ब्लास्ट हो गया शुक्र है कि उस



समय इंडक्शन के आसपास कोई नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। ईरान, इजरायल, अमेरिका के युद्ध के बाद से एलपीजी गैस मिलने में दिक्कत तो आ ही गई है। क्योंकि अब गैस बुकिंग के लिए नंबर 25 दिन के बाद ही लग रहे हैं और नंबर लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सिलेंडर का नंबर लगना पर प्राप्त DAC नंबर मिलने के बाद सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं जिनके घर एक माह सिलेंडर चलता है उन्हें इंडक्शन का सहारा लेना ही पड़ रहा है एवं इंडक्शन की उपयोगिता भी बढ़ गई है।

### प्रधान डाकघर नर्मदापुरम मे स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र मे बम धमाके करने संबन्धित पत्र थाना कोतवाली नर्मदापुरम को प्रेषित किया

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।** पुलिस के अनुसार आज दिनांक 25/03/26 को प्रधान डाकघर नर्मदापुरम द्वारा प्रधान डाकघर नर्मदापुरम मे स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र मे बम धमाके करने संबन्धित पत्र थाना कोतवाली नर्मदापुरम मे प्रेषित किया गया था 7 उक्त पत्र की गंभीरता को भांपते हुये तत्काल पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्णा एस थोटा जिला नर्मदापुरम के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



नर्मदापुरम अभिषेक राजन , अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस) जितेंद्र पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी0 कंचन सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी थाना कोतवाली नर्मदापुरम द्वारा BDDS ( बम पहचान एवं निरोधक दस्ता ) टीम, डॉग स्क्वाड एवं सायबर टीम द्वारा मौके पर जाकर पोस्ट मास्टर रामाशीश सिंह के साथ मिलकर प्रधान डाकघर नर्मदापुरम का बारीकी से निरीक्षण किया गया। एवं किसी भी संदिग्ध वस्तु का होना नहीं पाया गया। उक्त संबंध मे पोस्ट मास्टर-रामाशीश सिंह, प्रधान डाकघर नर्मदापुरम से चर्चा की गयी, जिन्होने बताया कि उक्त email रिजनल पासपोर्ट कार्यालय (RPO) भोपाल से प्राप्त हुआ था , जिन्होंने लोकल पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए थे 7 उक्त संबंध में पुलिस बल लगातार सतर्कता और निगरानी रख रहा है।

### मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने की जनसुनवाई



**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।** प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा सुनवाई की गई। जनसुनवाई में नाली सफाई, सफाई, पीएम आवास स्वीकृत, अतिक्रमण हटाने तथा राशन कार्ड समर्पण संबंधी आवेदन आए हुए थे। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। जिससे नागरिकों को सीधा फायदा हो रहा है। नागरिक बिना हिचकिचाए अपनी समस्याएं लेकर आते हैं और त्वरित समाधान पाते हैं। साथ ही जो समस्याएं जांच योग्य होती है उनको संबंधित शाखा में भेज दिया जाता है।

---

**बलात्कार के प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था**

# पैरोल से फरार आजीवन कारावास का शातिर बंदी अलवर (राजस्थान) से गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

पुलिस टीम द्वारा फरार बंदी का लगातार पीछा करते हुए मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। बंदी धनराज पिता मंगल सिंह, निवासी ग्राम पाथरी, जिला छिंदवाड़ा, को बलात्कार प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा हुई थी एवं वह केंद्रीय जेल नरसिंहपुर में निरुद्ध था। उसे 28.06.2025 से 16 दिवस की पैरोल दी गई थी, जिसमें 13.07.2025 तक जेल लौटना था, किन्तु वह निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं हुआ। जेल अधीक्षक की सूचना पर थाना स्टेशनगंज में धारा 262 बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई।

**पैरोल से फरार बंदी की तलाश हेतु विशेष टीम का गठन**

फरार बंदी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित पैरोल से फरार बंदी धनराज सिंह की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर अति. पुलिस



महानिदेशक, जोन जबलपुर द्वारा आरोपी पर 30,000 रुपये के नगद इनाम की घोषणा की गई। इस इनाम की घोषणा का उद्देश्य बंदी की पतासाजी में आमजन से सहयोग प्राप्त करना एवं पुलिस टीमों के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाना था।मोबाइल का उपयोग नहीं करता था बंदी, अन्य के फोन से करता था संपर्क गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से फरार बंदी अपने पास किसी भी प्रकार का मोबाइल फोन नहीं रखता था। वह लगातार अपने ठिकाने बदलते हुए विभिन्न स्थानों जैसे, उत्तरप्रदेश, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में छिपकर रह रहा था, फरारी के दौरान अपने परिजनों एवं परिचितों से बात करने हेतु किसी का भी मोबाईल मांगकर बात करता था। फरार बंदी ऐसे स्थानों का चयन करता था जहां उसे निःशुल्क भोजन मिल सके। वह शराब के लिए पैसे जुटाने हेतु मजदूरी करता था तथा पहचान छुपाने के लिए लगातार स्थान बदलता रहता था। पुलिस से बचने के लिए वह किसी भी स्थान पर 8ङ्क10 दिन से अधिक नहीं रुकता था। पतासाजी एवं गिरफ्तारी में मुख्य भूमिका ट्ठफरार बंदी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक किशोर वामनकर, उनि अनिल अजमेरिया, गौरव नोमा, प्रधान आरक्षक अशीष मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, आरक्षक संजय पांडे, जितेन्द्र ठाकुर, पुष्पराज बागरी, भूपेन्द्र नवरेती एवं महिला आरक्षक कुमुद पाठक के साथ-साथ थाना मलखेडा, अलवर, राजस्थान से आरक्षक मानसिंह चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### सिवनी मालवा में वनग्रामों के राजस्व ग्राम संपरिवर्तन व भवन नंबरिंग को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न




**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा एवं तहसीलदार सिवनी मालवा द्वारा वनग्रामों को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तित करने एवं जनगणना अंतर्गत भवन नंबरिंग के कार्यों की समीक्षा के लिए नवीन भवन के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुभाग के सभी 12 वनग्रामों के पटवारी, वनरक्षक एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन अधिकार दावों की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत सचिवों को वन अधिकार समितियों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वनग्राम ढेकना में अभी तक वन अधिकार समिति का गठन नहीं हुआ है, जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की। वहीं बैठक के दौरान ढेकना पंचायत के सचिव की अनुपस्थिति भी दर्ज की गई। अधिकारियों ने वनग्रामों में जनगणना कार्य को ध्यान में रखते हुए भवन नंबरिंग कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश वनरक्षकों एवं पंचायत सचिवों को दिए।

## 98 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सांवरलाल गौड़ का निधन, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ

**यशवंत मेवाडे संवाददाता**
**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खाती कुंडी निवासी सांवरलाल गौड़ का 98 वर्ष की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। मिलीं जानकारी से सांवरलाल जी ने सुबह करीब 7 बजे अंतिम सांस ली। उसकी अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे स्व निवास से शुरू होकर खिलचीपुर श्मशान घाट पहुंचेगी। जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया और श्रद्धांजलि अर्पित की । सांवरलाल गौड़ के परिवार में दो बेटे महेंद्र गौड़ (शिक्षक) और मुकेश गौड़ तथा दो बेटियां अनीता और



सोना हैं। सभी विवाहित हैं। अंतिम संस्कार में बड़े बेटे महेंद्र गौड़ मुखाग्नि दी।

**98 साल तक स्वस्थ्य जीवन रहा**

परिजनों के अनुसार, सांवरलाल गौड़ बेहद अनुशासित जीवन जीते थे। वे प्रतिदिन सुबह 4 बजे उठकर योग और ध्यान करते थे। नियमित पैदल चलना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था, जिसके कारण 98 वर्ष की आयु में भी वे स्वस्थ थे और उन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। करीब दो महीने पहले सीढ़ियों से उतरते समय उनका पैर फिसल गया था, जिससे पैर की हड्डी टूट गई थी। इस घटना के बाद से वे बिस्तर पर थे और उनकी तबीयत बिगड़ती जा रही थी। गुरुवार सुबह उनका निधन हो गया। सांवरलाल गौड़ नाहरदा हनुमान मंदिर समिति से भी जुड़े थे और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के नाते, प्रशासन द्वारा उन्हें हर साल 15 अगस्त और 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाता था। क्षेत्र में उन्हें एक सादगीपूर्ण और अनुशासित व्यक्तित्व के रूप में याद किया जाएगा।

## सागौन की अवैध कटाई कर नाव से तस्करी करते सागौन माफिया 3 आरोपी गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम/इटारसी।**

सामान्य वनमंडल के डीएफओ गौरव शर्मा के दिशा निर्देशन में एवं एस डी ओ सामान्य के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी इटारसी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने नाव से परिवहन की जा रही अवैध रूप से कटी हुई सागौन की लकड़ी सहित नाव को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। बताया जा रहा है कि वनरक्षक आशीष व्यास (बीट सोनतलाई) को गुप्त



सूचना प्राप्त हुई थी कि कक्ष क्रमांक ऋ-240 में बीती रात अवैध रूप से सागौन के पेड़ों की कटाई की गई है। जिसे जलमार्ग से परिवहन करने की तैयारी माफियाओं ने की है इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय सूचना तंत्र के सहयोग से तवा नदी के किनारे घेराबंदी की गई। दोपहर लगभग 5:00 बजे, तवा नदी के किनारे (लोकेशन N 22°35'42, E 77°592) टीम ने दबिश दी। यहाँ तवा नदी के मार्ग से नाव के जरिए सागौन की लकड़ी का अवैध परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए तीनों आरोपी मानागाँव के निवासी हैं।आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। वर्तमान में जप्त लकड़ी और नाव को बागदेव चौकी लाया गया है, जहाँ मामले की विस्तृत विवेचना वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जारी है।

## जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर लग रही लंबी-लंबी कतारें



**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बीच सोशल मीडिया पर चली अफवाहों ने जिले भर में पेट्रोल पंपों पर हड़कंप सा मचा दिया है। सूत्रों की मानें तो लोगों ने ईंधन खत्म होने के डर के चलते जिले भर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई देखी जा रही है। शहर में गुरुवार दोपहर में पेट्रोल पंप पर बाइको की भीड़ लगी रही एवं पेट्रोल लेने वालों को 50 का एक बाइक में पेट्रोल दिया जा रहा था। इस संबंध में पंप के संचालक से जब बात की तो उन्होंने कहा कि आज डीजल का स्टॉक हमारा लिमिट था, शाम को हमारे पास डीजल, पेट्रोल का टेंकर आया। उसके बाद हमने सुचारू रूप से डीजल एवं पेट्रोल बांटना शुरू कर दिया। डीजल, पेट्रोल की कोई कमी नहीं है, रिजर्व स्टाक होने पर पेट्रोल मात्रा में दिया गया जिससे सभी को पेट्रोल मिल सके । हालांकि जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से निरंतर अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की जा रही है और कहा जा रहा है कि पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बना हुआ है साथ ही ईंधन की आपूर्ति सतत् एवं नियमित रूप से की जा रही है। अफवाह पर ध्यान ना देते हुए आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोलियम पदार्थ का क्रय करें और इन का भंडारण ना करें। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू बताया है कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है।

**यह आयोजन पुलिस बल के कल्याण और आधुनिक सुविधाओं के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम**

## पुलिस लाइन में वर्धमान फैब्रिक्स सुसजित बैडमिंटन हॉल का किया भव्य उद्घाटन

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

जिल कि पुलिस लाइन में एक गरिमामय समारोह में, वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी द्वारा पुलिस विभाग को समर्पित सुसजित बैडमिंटन हॉल का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस- महानिरीक्षक, जोन, मिथिलेश शुक्ला थे, जिन्होंने रिबन काटकर हॉल की उद्घाटन पट्टिका (प्लेक) का अनावरण किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उप पुलिस महानिरीक्षक (ष्ठढ्ढत्र), प्रशांत खरे उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा, और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के प्लांट हेड, एच. एम. त्रिपाठी और उनकी टीम भी इस महत्वपूर्ण साझेदारी के प्रतीक के रूप में उपस्थित थी। पुलिस की ड्यूटी तनावपूर्ण और अनिश्चितताओं से भरी होती है, ऐसे में शारीरिक और



मानसिक फिटनेस बनाए रखना अनिवार्य है। अत्याधुनिक बैडमिंटन हॉल के निर्माण के लिए वर्धमान फैब्रिक्स द्वारा प्रदान की गई यह सुविधा हमारे पुलिस कर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह केवल एक खेल स्थल नहीं है, बल्कि हमारे बल के मनोबल और टीम वर्क को बढ़ाने का एक केंद्र है। यह हॉल वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी द्वारा पुलिस लाइन नर्मदापुरम के लिए समर्पित किया गया है। यह पेशेवर बैडमिंटन मैट और उत्कृष्ट प्रकाश व्यवस्था से लैस है, जो पुलिस कर्मियों को एक उत्कृष्ट अभ्यास स्थल प्रदान करता है। वर्ष 2025-26 की पट्टिका हॉल की ऐतिहासिकता को चिह्नित करती है। यह आयोजन पुलिस बल के कल्याण और आधुनिक सुविधाओं के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

**कलेक्टर ने कृषि, उर्वरक वितरण, नरवाई प्रबंधन एवं गेहूं उपार्जन सहित अन्य जनहित योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश**

## डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए किसानों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाए : कलेक्टर सोनिया मीना

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित जनहितकारी योजनाओं, विभागीय कार्यों एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन, उपसंचालक कृषि श्री रविकांत सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि किसानों को डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के प्रति लगातार जागरूक किया जाए तथा उन्हें इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने मार्कफेड एवं सहकारिता विभाग को कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-विकास पोर्टल पर खाद हेतु जारी टोकन में दर्ज फसल का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आवश्यकता से अधिक खाद का भंडारण न हो, इसके लिए संबंधित विभाग सतत निगरानी रखें। दूरस्थ क्षेत्रों में खाद की सुगम उपलब्धता हेतु कैश सेल पॉइंट के माध्यम से वितरण के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने फसल कटाई उपरांत नरवाई प्रबंधन की



समीक्षा करते हुए हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अटैचमेंट के उपयोग को बढ़ावा देने तथा कृषि यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, पशुपालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग को समन्वित प्रयासों से गौशालाओं एवं डेयरी के लिए भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में भावांतर योजना अंतर्गत सरसों सहित अन्य फसलों के पंजीयन एवं रकबे की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति की स्थिति न बने, इसके लिए समय-समय पर आवश्यक जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही पेट्रोल पंप एवं एलपीजी वितरण केंद्रों की नियमित जांच कर कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷, उद्यानिकी फसलों के क्लस्टर विस्तार, पीएमएफएमई योजना, भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना तथा मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग की प्रगति की भी समीक्षा की। आगामी गेहूं उपार्जन को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर निर्धारित तिथि से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

### भूमि सुपोषण अभियान के तहत झाड़वीड़ा में भूमि व वृक्ष पूजन संपन्न




**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

विकासखंड सिवनी मालवा के सेक्टर क्रमांक 04 मालापाट अंतर्गत ग्राम पंचायत झाड़वीड़ा में आज दिनांक 26 मार्च 2026, गुरुवार को नवांकुर संस्था जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर द्वारा भूमि सुपोषण अभियान के तहत भूमि पूजन एवं वृक्ष पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से बंजर होती मिट्टी को पुनर्जीवित करना, उसकी उर्वरता बढ़ाना एवं टिकाऊ जैविक खेती को बढ़ावा देना रहा। इस अभियान के माध्यम से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, किसानों को कर्ज से मुक्ति, पौष्टिक खाद्य उत्पादन और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इस अवसर पर परामर्शदाता सेवनदास लौवंशी, संयुक्त सचिव काजल रघुवंशी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झाड़वीड़ा के अध्यक्ष कालूराम प्रजापति, बीएमडब्ल्यू छात्रा कीर्ति राजपूत, सामाजिक कार्यकर्ता निधि इवने एवं दिव्या देवड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भूमि सुपोषण अभियान केवल खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए जैविक खेती अपनाने का संकल्प लिया।